मंजूरी | 140 सीटर हॉस्टल को मिली मंजूरी 14 .80 करोड़ रुपये की मिली प्रशासकीय स्वीकृति, सांसद ने मेडिकल कॉलेज का लिया जायजा

# मेडिकल कॉलेज के साथ बनेगा नर्सिंग कॉलेज : राहुल सिंह





**नवभारत,दमोह 3 अप्रैल।** जिले में स्वास्थ्य शिक्षा को लेकर एक और बड़ी सौगात मिलने वाली है. मेडिकल कॉलेज के बाद अब नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की तैयारी तेज हो गई है. सरकार से इसकी औपचारिक मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है.

सांसद राहुल सिंह लोधी ने बताया कि 14 करोड़ 80 लाख की लागत से नर्सिंग कॉलेज के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है, जो अगले 2-3 दिनों में खोला जाएगा. यह पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. नए नर्सिंग कॉलेज में 196 सीटों का प्रावधान किया गया है. पहले से तैयार नर्सिंग हॉस्टल के साथ अब छात्रों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर शिक्षा और आवास की सुविधा मिल सकेगी.

### स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी

सांसद राहुल सिंह ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज की स्थापना से क्षेत्रीय स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी. अब तक दमोह और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की अधिक व्यय होता है. स्थानीय मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से यह समस्या काफी हद तक समाप्त होगी.

### मरीज के परिजनों के खर्च में आएगी कमी

उन्होने कहा जब मरीज और उनके परिजन दमोह में ही इलाज कराएंगे, तो उनके खर्च में कमी आएगी और स्थानीय व्यापारियों को लाभ होगा. इससे शहर की अर्थव्यवस्था में वृद्धि और समृद्धि आएगी. सांसद लोधी ने कहा समन्ना, मड़ियादो, पटेरा, पथरिया, जबेरा, तेंदूखेड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को अब बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं अपने जिले में ही मिलेंगी,साथ ही पन्ना, पवई और बकस्वाहा से आने वाले मरीजों से भी दमोह को आर्थिक लाभ होगा.

### विद्यार्थियों को रहने की बेहतर सुविधा मिलेगी

सांसद राहुल सिंह ने बताया नर्सिंग कॉलेज का निर्माण मेडिकल कॉलेज परिसर के साथ ही किया जाएगा, इसके साथ ही 140 सीटर नर्सिंग हॉस्टल के निर्माण को भी स्वीकृति दी गई है, जिससे बाहर से आने वाले विद्यार्थियों को रहने की बेहतर सुविधा मिल सकेगी. नर्सिंग कॉलेज व नर्सिंग हॉस्टल के लिए 14.80 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है. निर्माण कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग की परियोजना इकाई द्वारा टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है.

### आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को मिलेगी राहत

उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को विशेष राहत मिलेगी. उन्होंने बताया नर्सिंग कॉलेज शुरू होने से जिले में प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफकी संख्या में भी वृद्धि होगी, जिससे मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक मजबूत होंगी.साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे.

### इनकी रही उपस्थिति

सांसद लोधी ने इस परियोजना के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला का आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर मीना मसराम, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. पीएस ठाकुर, मेडिकल कॉलेज दमोह के प्रभारी डॉ. रमेश पांडे, एसडीएम सौरभ गंधर्व, जल निगम के महाप्रबंधक गौरव सराफ , पीआईयू कार्यपालन यंत्री रामानुजन विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री सड़क के महाप्रबंधक देवेश साहू, कार्यपालन यंत्री बीएस यादव, तहसीलदार रॉबिन जैन, सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल, डॉ. रेक्शन एल्बर्ट आदि उपस्थित रहे।

# 9 घंटे बंद रही विद्युत सप्लाई, गर्मी से लोग परेशान



▸ दो जिलों के बीच फंसी सिंग्रामपुर की बिजली व्यवस्था

**नवभारत, सिंग्रामपुर 3 अप्रैल।** सिंग्रामपुर क्षेत्र में गुरुवार को बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई. सुबह लगभग 10:00 से शाम 7:00 बजे तक लगातार करीब 9 घंटे तक विद्युत सप्लाई बंद रही, जिससे क्षेत्रवासियों को 38 डिग्री तापमान की भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा.

दोपहर की तेज गर्मी में हालात इतने खराब हो गए कि लोग घरों से बाहर निकलने को मजबूर हो गए. छोटे बच्चे गर्मी से बिलखते नजर आए, वहीं ग्रामीणों में भारी नाराजगी और आक्रोश भी देखने को मिला. बिजली कटौती का असर स्थानीय व्यापारियों पर भी पड़ा. दुकानों में कामकाज प्रभावित हुआ और कई व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा.

### बिना पूर्व सूचना के घंटों बिजली बंद रहती है

व्यापारियों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली बंद रहने से रोजमर्रा का कारोबार ठप हो जाता है. साथ ही, यहां आए दिन बिजली बाधित रहती है और जब सप्लाई चालू भी रहती है तो बार-बार परमिट लेकर आधे-आधे घंटे में लाइन बंद कर दी जाती है, जिससे स्थिति और भी खराब हो जाती है. सबसे बड़ी समस्या यह रही कि शिकायत के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे। इससे लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश और बढ़ गया.

### बिजली रहे या न रहे, बिल पूरा ही आता है

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बिजली कटौती के बावजूद बिजली बिलों में किसी प्रकार की राहत नहीं दी जाती. बिजली रहे या न रहे, बिल पूरा ही आता है, यह बात क्षेत्र में आम चर्चा का विषय बनी हुई है. वहीं, बकाया बिल होने पर विभाग द्वारा कुर्की की कार्रवाई करने अधिकारी तुरंत पहुंच जाते हैं, लेकिन जब सप्लाई बंद रहती है तो कोई जिम्मेदार सामने नहीं आता.


### समन्वय की कमी का खामियाजा भुगत रही जनता

गौरतलब है कि सिंग्रामपुर दमोह जिले की सीमा पर स्थित है और यहां विद्युत सप्लाई जबलपुर जिले से मिलती है. ऐसे में दोनों जिलों के बिजली विभाग के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा सीधे तौर पर स्थानीय जनता को भुगतना पड़ रहा है.

### ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग करते हुए कहा है कि बिजली कटौती का निश्चित समय तय किया जाए, फॉल्ट सुधार कार्य में तेजी लाई जाए और कटंगी पावर पॉइंट से परमिट प्रक्रिया को सरल व तेज किया जाए. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे.

## एक नजर में



### माह की पहली तारीख को निकलती है प्रभात फैरी

**दमोह।** श्री गौर राधा रमन मंदिर दमोह से प्रत्येक माह की पहली तारीख को निकालने वाली प्रभात फेरी कृष्णा कॉलोनी संजय पैलेस के पास बड़ी देवी मंदिर के पीछे से प्रारंभ हुई जो समस्त कॉलोनी में भ्रमण करती हुई श्री भवानी प्रसाद असाटी के निवास स्थान पर संपन्न हुई. जहां पर प्रवचन सत्संग का कार्यक्रम पुजारी अभिषेक पांडे व पंडित शिव प्रसाद दुबे के द्वारा किया गया. इस प्रभात फेरी में हजारों की तादात में श्रद्धालु भक्त महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए.प्रभात फेरी का जगह-जगह घर में लोगों ने स्वागत किया.आरती उतारी व पुष्पों की वर्षा की, अपने घरों के सामने दीप जलाए.




### पिपरिया कला शाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया

**दमोह।** गुरुवार को समीपस्थ शासकीय माध्यमिक शाला पिपरिया कला में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस मौके पर होने वाली गतिविधियों के अंतर्गत उपस्थित बच्चों के लिए नये शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया. स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत शाला में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत सत्कार भी किया गया.स्कूल के शिक्षकों द्वारा बच्चों की शाला में दर्ज संख्या बढ़ाने घर-घर जाकर सतत संपर्क का काम भी किया जा रहा है. इस अवसर पर शाला प्रधान पाठक शफीक खान सहित समस्त शिक्षकीय स्टाफव छात्रों की उपस्थिति रही.


### तूफान से गिरा घर का छप्पर, महिला घायल

**नवभारत, पटेरा 3 अप्रैल।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सतरीया गांव में गुरुवार



रात 8:30 बजे चले तूफान से एक घर का छप्पर नीचे गिर गया.जिसमें महिला दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई.गुरुवार रात परिजन इलाज के लिए हिंडोरिया स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां महिला का इलाज कराया. घायल महिला हल्की के भतीजे घनश्याम पटेल ने बताया कि उनकी चाची जमीन पर सो रही थी. देर रात चले आंधी तूफान में घर के ऊपर छाई हुई चद्दर और लोहे के पाइप चाची के ऊपर गिरे, जिससे वह दबकर घायल हो गई. चीखने की आवाज सुनते ही घर के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो चाची मलबे में दबी थी. उन्हें बाहर निकालकर इलाज के लिए हिंडोरिया स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. उनके दो बच्चे भी थे जो पलंग पर दूसरी जगह सो रहे थे वह बच गएं.

**प्रशासन से मुआवजे की मांग**-घनश्याम पटेल ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें मुआवजा दिया जाए ताकि वह घर की मरम्मत कर सके, क्योंकि उनके चाचा कृष्णा पटेल की काफी समय पहले मृत्यु हो चुकी है. अब केवल चाची और उनके दो बच्चे ही बचे हैं.



### श्रीमति कुसुम पांडेय का निधन

**नवभारत, दमोह।** शहर के विवेकानंद नगर टॉवर लाइन निवासी श्रीमति कुसुम पांडेय 85 वर्ष का गुरुवार की रात करीब 9.30 बजे बीमारी के चलते इलाज के दौरान निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार सुरेखा कॉलोनी स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें सभी वर्ग के लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की.

### पिपरिया कला शाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया

**दमोह।** हिण्डोरिया गुरूवार को समीपस्थ शासकीय माध्यमिक शाला पिपरिया कला में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस मौके पर होने वाली गतिविधियों के अंतर्गत उपस्थित बच्चों के लिए नये शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया.स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत शाला में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत सत्कार भी किया जा रहा है. स्कूल के शिक्षकों के द्वारा बच्चों की शाला में दर्ज संख्या बढ़ाने घर-घर जाकर सतत संपर्क का काम भी किया जा रहा है.

# हनुमान जयंती पर निकली शोभायात्रा, हजारों भक्त हुए शामिल

श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए आगे बढ़ते नजर आए, धार्मिक झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र





**नवभारत, दमोह 3 अप्रैल।** शहर के फुटेरा वार्ड क्रमांक 4 में श्री हनुमान भगवान के प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा का आयोजन किया गया. शोभायात्रा का शुभारंभ यशवंत सिंह चौक स्थित गौरीशंकर तिराहे पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया.

भक्तिमय वातावरण में निकली इस शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए आगे बढ़ते नजर आए.पूरे मार्ग में जय श्री राम और हनुमान के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा. शोभायात्रा की विशेष आकर्षण विभिन्न धार्मिक झांकियां रहीं. इनमें सीताराम स्वरूप, राधाकृष्ण स्वरूप, गौरीशंकर स्वरूप व बाल स्वरूप में हनुमान जी की मनमोहक प्रस्तुतियां शामिल थीं.

### जगह-जगह शोभायात्रा का किया गया स्वागत

हनुमान के स्वरूप में एलएन वैष्णव व अन्य युवाओं ने अपनी सजीव प्रस्तुति से शोभायात्रा की भव्यता को दिव्यता का रूप प्रदान किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत सराहा. शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया. विभिन्न स्थानों पर भक्तों ने शीतल जल, लस्सी, हलवा, लड्डू व अन्य प्रसाद का वितरण कर सेवा भाव प्रदर्शित किया.

### उत्साह और भक्ति का अनूठा संगम

कार्यक्रम के दौरान पूरे शहर में भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला. आयोजन समिति के नित्या प्यासी, विक्रांत गुप्ता, ब्रिजेंद्र तिवारी, दीपक ठाकुर,विक्की अग्रवाल, विशाल खटीक, मदन रैकवार, दीपक नेमा, सत्यम चौरसिया, धीरज ने आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया.



### श्री राम चरित मानस यज्ञ की हुई पूर्णाहुति

श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पूर्व शिक्षा विभाग परिसर जनपद के पास दमोह में विगत रामनवमी से प्रारंभ जिसकी पूर्णाहुति श्री हनुमत जन्मोत्सव पर की गई, जिसमें संपूर्ण श्री राम चरित मानस की संपुट चौपाइयों से प्रतिदिन आहुति दी गई. पूर्णाहुति के उपरांत भंडारा आयोजित किया गया.

### हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



श्री हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान मंदिर चरयाई (मंदिर) में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया. मंदिर के पुजारी पं. दिवाकर अवस्थी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा और दिनभर विविध धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही. जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर में विधि-विधान से हवन-पूजन,सुंदरकांड पाठ और भजन- कीर्तन का आयोजन किया गया पूजन के पश्चात कन्या भोज व विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया.

## झलकियां



दमोह के बकौली चौक से सांई सेवा भाव परिवार राजेश और राकेश कुमार ने श्री हनुमान प्रकटोत्सव शोभायात्रा का स्वागत सत्कार किया।




सिटी नल सेवा समिति मैं स्वागत कर जलपानकराया।



श्री हनुमान प्रकटोत्सव शोभायात्रा में हनुमानगढ़ी पर टीआई कोतवाली मनीष कुमार ने भजन मंडली का स्वागत करते हुए।

# जिले में एलपीजी आपूर्ति सुचारू रखने के दिए गए निर्देश

कलेक्टर कोचर ने गैस एजेंसी संचालकों व अधिकारियों को दिया धन्यवाद




**नवभारत, दमोह 3 अप्रैल।** एलपीजी गैस और पेट्रोलियम के संबंध में आयोजित बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि प्रॉपर कोऑर्डिनेशन के साथ काम किया जाए. उन्होंने गत माह क्राइसिस के समय बेहतर समन्वय से अच्छा काम के लिए सभी गैस एजेंसी संचालकों और सभी संबंधित अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

बैठक में कॉमर्शियल गैस कनेक्शन वितरण सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप करने के लिए कहा गया,बैठक में सभी तेल कंपनियो के अधिकारी और गैस एजेंसी के डीलर्स/प्रतिनिधि तथा खाद्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा एलपीजी गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।

### जिले में गैस आपूर्ति पूरी तरह सामान्य

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होने जानकारी दी कि पहले जिले में लगभग 4000गैस सिलेंडरों का रिज़र्व स्टॉक रहता था, जिसे अब बढ़ाकर 6000 से अधिक हो गया है। कलेक्टर कोचर ने गैस कंपनियों को होम डिलीवरी व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि यदि उपभोक्ता ने गैस बुकिंग की है, तो एजेंसी का यह कर्तव्य है कि वह सिलेंडर सीधे उनके घर तक पहुंचाए।

# सिलेंडर लेने आए बाइक सवार दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत



**नवभारत,दमोह।** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत खोजा खेड़ी के पास गुरुवार रात भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो जाने का दुखद घटना क्रम सामने आया हैं.

जानकारी के अनुसार दोनों को गंभीर हालत में इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया था, जहां ड्यूटीरत डॉक्टर आरिफ खान और यूवी रेड्डी द्वारा चेकअप उपरांत ईसीजी कराकर मृत घोषित कर दिया गया. जानकारी के अनुसार जय श्रीवास्तव और प्रबल श्रीवास्तव गैस सिलेंडर लेने आए थे और सिलेंडर लेकर वापस जा रहे थे, तभी खोजा खेड़ी के पास ट्रक की टक्कर लगने से दोनों की मौत हो गई.

# नपा ने खरीदी रोड स्वीपिंग मशीन

▸ स्वच्छता की ओर बढ़ाया एक और कदम

**दमोह।** दमोह नगर पालिका ने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए शहर की सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

इसी क्रम में एक आधुनिक रोड स्वीपिंग मशीन खरीदी गई है, नई मशीन का मुख्य उद्देश्य शहर की प्रमुख सड़कों पर जमी धूल को हटाना और समग्र स्वच्छता स्तर को बेहतर बनाना है। इससे न केवल सफाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। इस मशीन की खरीद के लिए जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा खनिज मद से राशि उपलब्ध कराई गई है, जिससे नगर पालिका को यह सुविधा जुटाने में सहायता मिली।

### कचरा केवल डस्टबिन में डाले : लोधी

नगरपालिका द्वारा यह मशीन विशेष रूप से शहर की मुख्य सड़कों की सफाई के लिए उपयोग में लाई जाएगी, जहां धूल और गंदगी अधिक मात्रा में जमा होती है। सीएमओ राजेन्द्र सिंह लोधी ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे सड़कों पर कचरा नहीं फेंकें और कचरा केवल डस्टबिन या कचरा गाड़ी में ही डालें, ताकि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सभी का सहयोग मिल सके।

मनमानी | बुधवार को हुआ शाला प्रवेश और गुरुवार को शाला में लटका मिला ताला

# शासन की योजनाओं पर स्कूल के टीचर फेर रहे पानी

**तेंदूखेड़ा नवभारत 3 अप्रैल।** बुधवार को स्कूली बच्चों का शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया और गुरुवार को दोनी के स्कूल में लटका मिला ताला। इससे यह साबित होता है कि शासन कितनी भी सुविधाएं और प्रोत्साहन बच्चों को देकर शासकीय स्कूल में संख्या बढ़ाने का प्रयास कर ले पर जब तक टीचरों पर लगाम नहीं कसी जाएगी तब तक न बच्चे ठीक से पढ़ेंगे और न ही शासकीय स्कूलों का स्तर बढ़ेगा।

गुरुवार को संबाददाता को ऐसे मामले की जानकारी मिली। बताया गया कि ग्राम दोनी के स्कूल में ताला लगा है और स्कूल बन्द है। निरीक्षण करने पर जानकारी सही पायी गई। इस दौरान शाला के बाहर दो शिक्षक दिखे, उनसे पूछा गया तो बताया कि चाबी प्रधान अध्यापक के पास है और उनके आने के बाद ही ताला खुलेगा।

### बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

इस घटना से तो एक बात तो साफ हो गई कि शिक्षकों की मनमानी चल रही है और वे जब चाहे स्कूल खोले या बंद रखे। इससे तो बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। ये तो महज एक मामला है ऐसे अनेक मामले समय समय पर सामने आते रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में को सही तरीके से संचालित करने के लिए बीएसी नियुक्त किए गए थे, लेकिन उनके द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### इनका कहना है

स्कूल की चाबी स्कूल के छात्र के पास थी, वह महुआ बीनने गया था। उसके घर पर चाबी ढूंढ रहे थे।

**भगवान दास गोटिया, प्रधान अध्यापक, मिडिल स्कूल दोनी**

जानकारी हासिल कर मैं दिखवाता हूं।

**शंकर लाल, बीएसी**

ऐसे लापरबाह टीचर को नोटिस जारी किया जाएगा।

**पीएल अहिरवार, बीआरसी, जनपद शिक्षा केंद्र तेंदूखेड़ा**

टीचर पर कार्यवाही की जायेगी।

**नितेश पांडेय, बीईओ तेंदूखेडा**